भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईन 01/2018 (सहायक लोको पायलट और तकनीशियन)

एक बार अतिरिक्त अवसर

अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता जमा करना और चयनित आरआरबी, पद की वरीयताओं और परीक्षा ट्रेड में संशोधन करना

प्रथम चरण के सीबीटी के कई उम्मीदवारों ने अभिवेदन दिया है कि उनके पास 10+2 (भौतिकी और गणित के साथ) या एक से अधिक ट्रेडों में आईटीआई जैसी अतिरिक्त तकनीकी योग्यताएँ थीं, तथापि उन्होंने आवेदन के समय इन विवरणों को नहीं भरा था। किंतु अब सीबीटी में अर्हता के लिए एक ट्रेड के रूप में 10+2 (भौतिकी और गणित के साथ) को भी चुनने के अवसर को देखते हुए, वे अपने आवेदनों में ऐसी अतिरिक्त योग्यताएँ जोड़ना चाहते हैं।

आरआरबी ने इन अभिवेदनों की जाँच की है और उन्होंने ऐसे सभी उम्मीदवारों को अपनी सभी उपयुक्त योग्यताएँ जैसे कि भौतिकी और गणित में एचएससी (10+2), डिप्लोमा/ डिग्री, एक से अधिक आईटीआई ट्रेडों को जोड़ने का अवसर देने का निर्णय लिया है, जिन्हें उम्मीदवारों ने सीईएन 01/2018 की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 31.03.2018 या उससे पहले अर्जित किया हो।

इसी प्रकार, कई उम्मीदवारों ने अपने चुने हुए आरआरबी, पद की वरीयताओं और परीक्षा ट्रेड को संशोधित करने का अवसर माँगा है। आरआरबी ने उम्मीदवारों को ऐसे संशोधनों के लिए भी एक बार अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में आवश्यक परिवर्तनों को सम्मिलित करने के लिए, आरआरबी चयन, पद की वरीयता इत्यादि के लिए लिंक कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से अनुपलब्ध होगा।

उपर्युक्त परिवर्तनों वाला लिंक दिनांक 01.10.2018 के 11:00 बजे से पुन: प्रसारित होगा।

जमा करने की अंतिम तिथि को दिनांक 06.10.2018 के 23:59 बजे तक बढ़ा दी गई है।

ऐसे उम्मीदवार जिनके पास अतिरिक्त अनिवार्य योग्यताएँ हैं, चाहे वे अब तक अपने विकल्प जमा कर चुके हों या नहीं, वे दिनांक 01.10.2018 से लॉग इन कर सकते हैं और प्रासंगिक विवरणों के साथ अपनी अतिरिक्त योग्यताएँ जोड़ सकते हैं। शैक्षिक योग्यता को जोड़ने और पुष्टि करने के बाद, उम्मीदवारों को आरआरबी का चयन करना होगा, पद की प्राथमिकता के लिए प्राथमिकता संख्या भरनी होगी और संशोधित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार दुबारा परीक्षा ट्रेड का चयन करना होगा।

ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने पहले ही आरआरबी चयन, पद की वरीयताएँ इत्यादि जमा कर दिए हैं, किंतु शैक्षणिक योग्यताएँ जोड़ना या आरआरबी, पद की वरीयताओं और परीक्षा ट्रेड को संशोधित करना चाहते हैं, वे भी दिनांक 01.10.2018 से लॉग इन कर सकते हैं और उनके पंजीकृत ई-मेल और मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी को दर्ज करके **केवल एक बार** शैक्षणिक योग्यतों को जोड़ सकते हैं या जमा किए गए विवरणों को संशोधित कर सकते हैं ।

इसी प्रकार बैंक खाते के विवरणों को संशोधित करने के लिए पंजीकृत ई-मेल के साथ-साथ मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जा रहा है।

ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने पहले ही आरआरबी चयन, पदों की प्राथमिकताएँ, परीक्षा ट्रेड और बैंक खाता विवरण पूर्ण कर लिए हैं और कोई अतिरिक्त योग्यता प्रस्तुत या संशोधित नहीं करना चाहते हैं, उन्हें कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है और उनके जमा किए गए विवरण वैध रहेंगे।

29.09.2018

अध्यक्षगण
रेलवे भर्ती बोर्ड